दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में



वर्ष :- 03 अंक :- 59 मुरादाबाद, 18 June 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## अखिलेश यादव ने वीडियो ट्वीट कर उठाए सवाल, बोले- अपनी सुरक्षा के लिए खुद तमंचा लेकर चलेगी जनता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है और कहा कि सत्ताधारी तमंचाजीवियों से बचने के लिए जनता अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही तमंचा लेकर चलना शुरू कर देगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून - व्यवस्था को लेकर योगी सरकार को निशाने पर लेते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी तमंचाजीवियों से बचने के लिए जनता खुद भी तमंचा लेकर चलना शुरू कर देगी। उन्होंने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें दो पुलिसकर्मी एक युवक से तमंचा छीनते हुए नजर आ रहे हैं। इस पर उन्होंने ट्वीट किया है कि सत्ताधारियों के तमंचाजीवी जब दूसरों को जान की धमकी देंगे तो आम जनता डरकर खुद की सुरक्षा के लिए तमंचा लेकर चलने लगेगी। इस वीडियो में पुलिस का नाटकीय तरीका बता रहा है कि किसी लिखी पटकथा का फिर से 'नाट्यमंचन' हो रहा है। जनता ये झूठा नाटक पहले भी देख चुकी है। प्रदेश में माफिया अतीक अहमद की पुलिस कस्टडी में हत्या के बाद लखनऊ के कोर्ट रूम में गैंगस्टर संजीव जीवा हत्याकांड के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, योगी सरकार का दावा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है।

## 'ऑपरेशन गंगा देश की अदम्य भावना का प्रतीक', डॉक्यूमेंट्री पर बोले PM मोदी


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूक्रेन से भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा पर एक नई डाक्यूमेंट्री अभियान से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगी।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूक्रेन से भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा पर एक नई डाक्यूमेंट्री अभियान से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगी।दरअसल, एक टीवी चैनल ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म द इवैक्यूएशन ऑपरेशन गंगा के लॉन्च की घोषणा की है। इस डॉक्यूमेंट्री में भारत सरकार द्वारा चलाए गए बचाव अभियान की कहानी बताई गई है।
इस डॉक्यूमेंट्री को लेकर प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी सामने आई है। भारत सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच



फंसे हजारों छात्रों और भारतीयों को निकालने के लिए यह बचाव अभियान चलाया था।
पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ऑपरेशन गंगा हमारे लोगों के साथ खड़े होने के हमारे दृढ़ संकल्प को दिखाता है।
यह ( डॉक्यूमेंट्री ) भारत की अदम्य भावना को भी दर्शाती है। यह डॉक्यूमेंट्री इस अभियान से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगा। डॉक्यूमेंट्री बताती है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध के बीच फंसे भारतीयों को निकालने के लिए अभियान का नेतृत्व किया। इसमें वह कहते हैं, हर भारतीय के दिल में एक गहरा विश्वास है, कोई भी चुनौती हो, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न हो, वे जानते हैं कि उनकी सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें सुरक्षित घर वापस लाएगी। यह केवल नीति नहीं है, यह मानवता का हमारा वसीयतनामा है। यह एक ऐसा बंधन है जिसे हमने बार-बार मजबूत होते देखा है, जो हमारे राष्ट्र की अदम्य भावना को दिखाता है।

## हिन्दू महिला ने धर्म परिवर्तन व बुर्का पहनने से किया इनकार, मिीि टुकड़े कर कुत्तों को खिला देने की धमकी

झांसी में हिन्दू महिला को भगाकर लाए मुस्लिम युवक ने धर्म परिवर्तन और बुर्का पहनने का दबाव बनाया। युवती ने जब इससे इनकार किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट की और उसे छोड़कर चला गया। महिला ने पुलिस से इसकी शिकायत की पर पुलिस ने एक न सुनी। मामला लव जिहाद का भले ही न हो, लेकिन इससे अलग भी नहीं है। चिरगांव के नजदीकी गांव की एक महिला को मुस्लिम युवक से प्रेम हो गया। वह युवक के साथ घर से भाग गई और लिव-इन रिलेशन में रहने लगी। जब वह विवाह के लिए कहती तो युवक धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता। बुर्का पहनने की जिद करता और न पहनने पर मारपीट करने लगा। युवती ने धर्म परिवर्तन करने से इन्कार किया तो युवक उसे छोड़कर भाग गया।



### शिकायत करने भाजपा कार्यालय पहुंची महिला

पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो यह महिला न्याय के लिए भाजपा कार्यालय पहुंच गई। लव जिहाद को लेकर इस समय सियासत गरमा रही है। मामले भी उजागर हो रहे हैं तो हिंसक वारदातों का क्रम भी बढ़ा है। झांसी में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। झांसी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए एक हिन्दू महिला ने बताया कि वह ग्राम स्यावनी जिला टीकमगढ़ ( मध्य प्रदेश ) की है। उसके गांव में ही हनीफ खान रहता था। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया और वह हनीफ के साथ भाग आई।

### शादी के लिये कहा तो मुस्लिम धर्म अपनाने का बनाया दबाव

हनीफ ने उसे अलग-अलग जगह रखा। लगभग 1 साल से वह चिरगांव स्थित सुल्तानपुरा ब्रिज के पास लिव इन रिलेशन में रह रही है। महिला का आरोप है कि जब उसने हनीफ से शादी करने को कहा तो वह धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान हनीफ लगातार उस पर बुर्का पहनने का भी दबाव बनाता, लेकिन महिला ने धर्म बदलने व बुरका पहनने से इनकार कर दिया। इसे लेकर हनीफ आए दिन उसके साथ मारपीट करने लगा। महिला का आरोप है कि वह शादी का झांसा देकर उसे लाया था और इसी धोखे में रखकर शारीरिक सम्बन्ध भी बनाता रहा।

### 20 हजार रुपये लेकर गया हनीफ नहीं आया वापस

महिला ने बताया कि हनीफ ड्राइवर है और 6 जून की रात को वह घर आया तो शादी को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। हनीफ ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक वह इस्लाम धर्म कुबूल नहीं करेगी, वह शादी नहीं करेगा। लेकिन उसने धर्म बदलने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद हनीफ सुबह घर में रखे 20 हजार रुपए लेकर चला गया और फिर लौटकर नहीं आया।

### भाई ने दी जान से मारने की धमकी

महिला ने चिरगांव थाने में शिकायती पत्र दिया, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर जिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र दिया। न्याय के लिए भटक रही यह महिला आज भाजपा कार्यालय पहुंच गई।

## मुख्यमंत्री योगी ने उद्यमी मित्रों को वितरित किए नियुक्ति पत्र, बोले- निवेश व रोजगार हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का एलान किया। ग्लोबल इनवेस्टर समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को धरातल पर लाने के लिए नियुक्त 102 उद्यमी मित्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि की चेकें उद्यमियों को सौंपी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये शुरुआत उत्तर प्रदेश को दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर एक कॉफी टेबिल बुक का भी विमोचन किया गया।लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश-विदेश के प्रख्यात संस्थानों से पढ़कर निकले 1500 युवाओं ने उद्यमी मित्र के लिए आवेदन किया था। इसमें से 87 पुरुष और 15 महिलाओं को चुना गया। 15 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। अपनी क्षमताओं को प्रदेश हित में लगाने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मानदेय की राशि मत देखिए। ये अवसर खुद को साबित



करने का है। नया अनुभव, नया प्लेटफार्म और सरकार के साथ काम करने का अवसर है। उद्यमी मित्र की जिम्मेदारी है

कि समस्या को संबंधित अधिकारी तक पहुंचाकर उसे दूर कराएं। उन्होंने कहा कि उद्यमी मित्र अगले तीन साल निवेश के मकसद को सफल बनाएंगे। हर माह उनके कार्यो का मूल्यांकन होगा। तीन वर्ष के सफल कार्यकाल के बाद जो भी उद्यमी मित्र औद्योगिक विभागों में स्थायी नौकरी का इच्छुक होगा, उसे उम्र में छूट के साथ-साथ स्पेशल पैकेज का प्रस्ताव दिया जाएगा।

### उद्योग बंधु बैठकों में भी हिस्सा लेंगे उद्यमी मित्र

सभी 102 उद्यमी मित्रों को हर जिले और औद्योगिक विकास से जुड़े विभागों में तैनात किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने उद्यमी मित्रों से कहा कि उद्योग बंधु बैठकों में खामोशी से हिस्सा लें। उद्यमियों की समस्याएं सुनकर नोट करें। शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारी को बताएं और उसे दूर करें। फिर उद्यमी से क्रास चेक करें कि क्या उसकी समस्या का समाधान हो गया। अगर नहीं हुआ तब ऊपर के अधिकारियों को इसकी सूचना दें।उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाना है। सरकार इस दिशा में निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आपके विश्वास के साथ विश्वासघात करने की छूट हम किसी को नहीं देंगे।

## मायावती भाजपा की एजेंट, फिर से सत्ता मिली तो BJP बदल देगी संविधान, फिरोजाबाद में गरजे रामगोपाल यादव



फिरोजाबाद में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में भाग लेने आए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने भाजपा सरकार पर करारे हमले किए। उन्होंने मायावती को भाजपा का सहयोगी बताया। प्रोफेसर ने कहा कि 2024 का चुनाव में विपक्ष एकजुट हो रहा है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने फिरोजाबाद में भाजपा सरकार पर करारे हमले किए। प्रोफेसर राम गोपाल अचल पैलेस में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुंचे थे। उन्होंने कहा हमने कई बार आबादी के हिसाब से आरक्षण लागू करने की मांग उठाई है, लेकिन केंद्र सरकार पिछड़ों और दलितों का भला नहीं होने देना चाहती है। नौकरी के नाम पर युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### सत्ता और उद्योगपतियों के गठजोड़ से चल रही सरकार

प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि सत्ता और उद्योगपतियों के गठजोड़ से केंद्र और प्रदेश सरकार चल रही है। अगर कोई इनके विरुद्ध बोलने की हिम्मत जुटाता है तो उसे ईडी और सीबीआइ का भय दिखाकर चुप कर दिया जाता है।

### फिर से सत्ता मिली तो बदल देगी संविधान

रामगोपाल यादव ने कहा कि अगर 2024 में फिर से भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल सकती है, इसलिए पूरा विपक्ष एकजुट हो रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर भाजपा का एजेंट होने का आरोप भी लगाया।

## शिवपाल सिंह बोले, जनता महंगी बिजली और बिजली आपूर्ति के नाम पर शोषण नहीं झेलेगी

यूपी में भीषण गर्मी और बिजली कटौती को लेकर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकार को सबक सिखा देगी। ऊर्जा मंत्री ने भी अफसरों के साथ बैठक कर नाराजगी जताई है।सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच जारी बिजली कटौती को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यह बिजली आने



वाले समय में सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्रों में सबक सिखाने का काम करेगी। जनता महंगी बिजली और बिजली आपूर्ति के नाम पर अब और शोषण नहीं झेलेगी।प्रदेश में भयंकर गर्मी और लू के बीच बिजली कटौती से जनता परेशान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मंत्री व अफसरों के साथ बैठक कर इस पर नाराजगी जताई है।मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने ऊर्जा मंत्री, विद्युत निगम के चेयरमैन और अधिकारियों को तलब किया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भीषण गर्मी और लू के दौरान प्रदेश में हो रही अप्रत्याशित विद्युत कटौती, ट्रिपिंग, मरम्मत का बहाना बनाकर किए जा रहे अनुचित शटडाउन पर नाराजगी व्यक्त की है।उन्होंने कहा है कि किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए पहले से ही पूरी तैयारी व मॉनीटरिंग के निर्देश दिए गए हैं लेकिन विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है।

## संपादकीय Editorial

# The sea is angry

In the form of a cyclonic storm, 'Biparjoy', that is, disaster, came and passed by showing its fierce form, but left a 'black and red mark' in the coastal areas of Gujarat. Today we as a nation are able to fight against superstorms.

Science and technology have been giving us accurate warnings, so arrangements are also being strengthened. The Arabian Sea has generally been a calm sea, but now its temperature is rising. He is in anger. This is also a fatal effect of climate change. As a result, there has been a 3-fold increase in storms arising from the Arabian Sea and they have proved to be destructive. The Meteorological Department's assessment is that 'Biparjoy' was an unprecedented storm. Its results are yet to be revealed. They will have very important consequences related to climate, environment, monsoon. It is a matter of pride that heeding the warnings, the Gujarat government had shifted more than one lakh people to safer places. The government made arrangements for their accommodation, food and drink. Hundreds of pregnant women were admitted to hospitals.

As a result, the great storm of winds with a speed of about 125 kilometers per hour could not take any human life. Father-son did die in Bhavnagar, but the reasons were different. Thousands of trees were uprooted in the cyclonic storm. Some trees were centuries old. Many kutcha houses became 'debris'.

3672 electric poles were bent and fell down. This figure is till 9.30 pm last night.

Obviously the figures will be higher! Communication towers collapsed. Thursday was a long, dark and scary night as 940 villages in the coastal areas were cut off to prevent any major tragedy. Silence and darkness….only the terrifying noise of ocean waves bouncing up to 9 meters..! Of course, 22 people were injured and 23 cattle died, but still we will thank God that Gujarat did not become a scene of tragedy. The government will now assess how widespread the destruction has been, how much damage has been done, how much devastation has happened and what has happened to the fishermen's boats, but it is certain that we cannot put an end to disasters, because the fury of the sea is increasing.

Used to be. The average temperature of the Bay of Bengal has started to exceed 28 degree Celsius, as a result of which we will have to face 5-6 super cyclones annually. Apart from Gujarat, Odisha and West Bengal are also prone to cyclonic storms. At present, the storm has gone towards South Rajasthan. It is raining heavily now. God knows what form this water will take.

This storm stopped the movement of monsoon. It is believed that Madhya Pradesh and Chhattisgarh will have 54 percent less rainfall. Rainfall may be less than 30 percent across the country. It is obvious that its effect will be on weather, environment and agriculture. The effect of the storm will be on Maharashtra, Goa, some states of the Northeast, Rajasthan. The radius of this cyclonic storm has been said to be 300-350 km, but in the Saurashtra-Kutch region itself, an area of about 1 lakh square km will be affected. More or less 50 people were killed in the cyclonic storm that hit Saurashtra in May, 2021. The super cyclone of 1998 was very devastating, in which thousands of people were killed. In fact, we do not take climate change and cyclones too seriously and have been looking at them only by linking them with the weather, but such superstorms destroy not only human lives, but also public properties and private homes. Compensating them is not that easy. It is not in the control of the human being that the temperature of the sea should not increase and the upper surface of the water should not become too hot.

# Society: Backward classes are deprived of the benefits of reservation, the policies of the state government are responsible

According to the report of the commission, due to the policies of the state government, the backward class people are being deprived of the benefits of reservation. The information given by the National Commission for Backward Classes regarding reservation for backward classes in some states is surprising. In these, four states-West Bengal, Bihar, Rajasthan and Punjab are discussed in particular. According to the study report, backward class people in these states are being deprived of the benefits of reservation in jobs and educational institutions due to government neglect, rules and policies. When the Backward Classes Commission put these things in front, political rhetoric started taking place on it. First the matter of Bihar. To come below the creamy layer in Bihar, the income of siblings along with parents is also written in the economic certificate. Not only this, it also includes agricultural income. As a result many people, who should get reservation, remain deprived. In Bihar, both Nitish Kumar and Lalu Prasad rose to the top because of Mandalist politics. Even today both the leaders declare themselves as messiahs of the backward castes and this is the basis of their political power. If the same people are depriving the backward castes of reservation due to the policies of their government, then what should it be called? The backward caste people of Bihar should understand this truth. In West Bengal, 179 castes have been included in the backward class, out of which 118 castes are from the Muslim community and the remaining i.e. 61 castes are from the Hindu community. It is not unusual to keep the characters coming from backward classes in the purview of reservation among Muslims, but it has to be considered that why there are more backward castes among Muslims than Hindus? When the commission asked about this, it was told that many backward castes converted from Hindu to Muslim religion. Although the state government does not have the data that how many people of different castes have converted to Muslim religion. After 1971, the population of Muslims in West Bengal has increased rapidly. In the year 1981, the population of Muslims there was 21.5 percent, which increased to 27.05 percent in 2011. This is an abnormal increase in proportion to the population. At present, it is estimated that the population of Muslims in Bengal is about 30 percent. Is there a role of reservation behind this? In Rajasthan, no one has received the OBC certificate for the last several years in seven districts, whereas a large number of OBC people live in these districts. In Rajasthan too, almost like Bihar, the basis of income certificate has been fixed and due to this a large number of eligible people belonging to other backward classes are being deprived of reservation. If you look a little deeper, it will be clearly seen that in these three states, the Muslim community is getting more benefits of reservation in jobs and educational institutions reserved for OBCs. It is clear that vote bank politics is behind this. In 2018, when the Narendra Modi government gave constitutional status to the Backward Classes Commission, states were given the freedom to include castes in their list of backward classes. Many other states, including these three states, also included a large number of people from the Muslim community. It is clear from this that how vote bank politics has fatally misused the reservation system. All this has happened because of the policies of the state government. Can maintaining the unethical basis of giving benefits of reservation like this to people of other communities be synonymous with equality of opportunities? If the basis of reservation is Article 16 and 16A of the Constitution, then this policy cannot be considered favorable to it. Therefore, the time has come to study objectively and take steps to correct it. However, until the castes deprived of the benefits of reservation do not stand against it, will not force the governments, it is impossible to happen.

# Aviation: Air fares on the sky, it is necessary to maintain competition in airlines

Due to the mutual competition of the airlines, air fares had come down. But due to the crisis of two airlines and the decrease in competition, the air fare has increased a lot. Therefore, to maintain competition in this sector, it is necessary to save the troubled airlines. For some time now, the fares in domestic flight service have been increasing continuously. The maximum airfare for Delhi-Mumbai has gone up to Rs 20,000, which used to be only Rs 7,000 earlier. There are indications of increase in fares on the remaining routes as well, due to which the passengers are facing difficulties. After the intervention of the central government, there is some reduction in the fares, but still the air fares are very high. There has been an increase in passenger movement after Covid. On April 30, a record of domestic air travel was created by 4.56 lakh passengers. The monthly number of air passengers remains at 1.2 to 1.3 crore. In the last two decades, due to a significant reduction in air fares, many passengers traveling by rail have started traveling by air. The Delhi-Mumbai train fare is Rs 4,730 in Rajdhani AC first class, while the airfare usually comes out to be less than that if booked in time. That's why many people started giving priority to air travel instead of rail. But due to increase in fare, many people may again give priority to rail travel. This may hinder the development of civil aviation sector. According to the report of Airports Council International (Asia Pacific), international airfares have also registered an increase of up to 50 per cent. According to the report, India saw the highest increase in airfares at 41 per cent, followed by 34 per cent in UAE, 30 per cent in Singapore and 23 per cent in Australia. Two major reasons are being given for the increase in air fares – first, increase in fuel cost, and second, increase in inflation rate. Fuel prices have increased by 76 per cent since 2019, while other costs for airlines are increasing at a rate of 10 per cent inflation. However, Airports Council International believes that airlines are trying to keep prices high by limiting seat availability. This act of companies can affect the growth in the aviation industry. There are many companies in the domestic aviation sector in India. Indigo was ranked first with a share of 55.9 per cent in February 2023, while Tata Group's Air India and Vistara were at the second and third position with a market share of 8.9 per cent and 8.7 per cent, respectively. Although Air India and Vistara are soon going to merge into one entity, together they will be able to account for a little more than a third of IndiGo. GoFirst and SpiceJet are the two airlines at the fourth and fifth position with a market share of 8.0 per cent and 7.1 per cent, respectively. But both of them are facing challenges. GoFirst is not only going through financial difficulties, its bankruptcy process has also started. Its difficulties, however, are more technical than financial, attributed to engine supplier Pratt & Whitney Engines. The company supplies engines for the Airbus A-320 Neo aircraft. Over the past few years, GoFirst has had to ground many of its airplanes due to engine problems supplied by the company. Due to this the company went into heavy losses. Since last May 3, GoFirst has submitted an application for bankruptcy by postponing all its flights. SpiceJet company is also going through financial difficulties. The airline is grappling with several technical glitches in the planes and for this the Director General of Civil Aviation has directed the company to ground 10 of its Boeing-737 Max planes. From the first quarter of the last financial year (2022-23), this company had started making losses. Rising fuel costs, inflation and rupee depreciation have been causing losses for the company and disruption of its services. IndiGo and Tata Group's Air India, Vistara and Air Asia used to compete with SpiceJet and GoFirst. But due to the trouble of these companies, the competition for Indigo and Tata group companies has decreased, in such a situation, they are increasing air fares indiscriminately. Decision of air fares after the entry of private sector in civil aviation sector It was left to the airlines so that they fix the prices according to the market, they do not have to suffer unnecessary losses and there is a healthy development of the aviation sector. At one time, due to the mutual competition of the airlines, air fares remained affordable and there was a healthy development of the civil aviation sector. Recently, the world was taken aback by the order of 1,000 aircraft by Indian airlines, including 550 new aircraft by Air India. This explains the growth story of our civil aviation sector. But the economic difficulties of the two major airlines have led to a crisis in the civil aviation sector. For a long time, this process has been made easier by the government by making major changes in the bankruptcy law to provide quick relief to the promoters of companies stuck in financial crisis. But the situation in the aviation sector is different. If GoFirst and SpiceJet go bankrupt, the aviation sector will be monopolized by Indigo and the Tata group. In such a situation, in the aviation sector for the last two decades The benefits of development and competition that the common man was getting in the form of cheap air travel will end. Earlier, due to Air India being in the public sector, the public was getting the benefit of competition in air travel. Now that Air India is part of the Tata group, it has become all the more important to save GoFirst and SpiceJet in order to remain competitive. Since these companies are in trouble due to the negligence of the multinational aircraft and engine manufacturers, therefore, the intervention of the government is necessary in this matter.

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में तहसील बिलारी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें सी0डी0ओ0 ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। सीडीओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों को त्वरित निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें।



मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूंपणनचण्दपबण्पद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। आज तहसील बिलारी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 से अधिक शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सी0डी0ओ0 ने विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अन्य विभागों की शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे सीडीओ के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। सी0डी0ओ0 ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतों प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सीडीओ ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उपजिलाधिकारी बिलारी राजबहादुर सिंह, तहसीलदार बिलारी सारा अशरफ खान, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में बैठक आहूत

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मुरादाबाद को सुरक्षित और सुन्दर शहर बनाये जाने पर विचार विमर्श किया गया। मुरादाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने एवं सफाई अन्य के क्षेत्र में अन्तर विभागीय समंजस्य बनाये जाने पर जोर दिया गया। शहर के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो जैसे सीवर लाइन डालने का कार्य आदि के कारण जो आम जन मानस को असुविधा हो रही है उसे कम कैसे किया जाये इसके लिए विचार विमर्श किया गया।

शहर की साफ-सफाई तथा शहर के अन्दर तथा जो एरिया शहर के बाहर है और जो नगर निगम की परिधि में नही आता है उसकी सफाई के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुरादाबाद शहर में जो व्यापारिक एवं हास्पिटल आदि अधिष्ठान है उनके बाहर वीडियो कैमरें लगवाने एवं उनकी लिंकिंग के संबंध में चर्चा की गयी, जिससे शहर के प्रभावी मानीटरिंग करने एवं क्राइम कम से कम हो सकें तथा इसके लिए पी0पी0पी0 मॉडल पर कार्य करने के लिए चर्चा की गयी एवं सुझाव चाहे गये। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा सुझाव दिया गया कि शहर के बाहर जो होर्डिंग एवं यूनीपोल बेतरतीब लगे है उनसे उचित टैक्स प्राप्त किया जाये साथ ही अनाधिकृत यूनीपोल को हटाने पर चर्चा की गयी। शहर काफी विकसित हो गया है तथा मुरादाबाद को क्षेत्र नगर निगम के क्षेत्र से दुगना है। अतः जो हिस्सा नगर निगम के क्षेत्र में नही आता है, ऐसे क्षेत्रों की साफ-सफाई आदि की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, नगर आयुक्त संजय चैहान, अपर आयुक्त प्रशासन बी0एन0 यादव, सचिव एमडीए राजीव पाण्डे, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एस0पी0 शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रिया अग्रवाल, एम0डी0 डिजाइनको विपिन गुप्ता मै0 मार्क इम्पेक्स सुहैल अल्वी, तथा मण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं निर्यातक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# दुष्कर्म के बाद महिला पर गर्भपात का दबाव बना रहा आरोपी, चार के खिलाफ रिपोर्ट दज

मुरादाबाद- महाराजगंज निवासी महिला से भोजपुर निवासी युवक ने दुष्कर्म किया। जेल जाने से बचने के लिए उसने महिला से शादी कर ली। जबकि, युवक की पहले से ही दो पत्नी हैं। अब वह पीड़ित महिला पर गर्भपात का दबाव बना रहा है। एसएसपी के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने युवक समेत उसके तीन साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित महिला ने तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसकी एक बेटी है। कुछ समय पहले भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी इस्लाम से उसकी पहचान हुई। आरोप है कि उसने विधवा महिला को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब महिला गर्भवती हो गई तो कोर्ट में जाकर उससे शादी कर ली। जिससे वह दुष्कर्म के केस से बच सके। उसके बाद वह महिला को सिविल लाइंस में हरथला लाइनपार निवासी अनीस, इशरत और शहवाज के घर में रखने लगा। आरोप है कि कुछ समय बाद चारों ने मिलकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। उसकी बेटी को आरोपी मारने पीटने लगे। इसी दौरान पता चला कि आरोपी की पहले से दो पत्नी हैं। अब चारों आरोपी पीड़िता पर छह माह का गर्भपात कराने का दबाव बना रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## पितृ दिवस पर विशेष

### गीत : पिताजी कम नहीं माँ से

उन्हें हमसे मुहब्बत जैसे माली को गुलिस्ताँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
हमें उँगली पकड़ कर पहले चलना भी सिखाते हैं।
अगर ठोकर लगे तो फिर उठा दिल से लगाते हैं।
हमारे घर का सूरज हैं, उजाला उनके दम से है,
मुसीबत से हमें लड़ना, संभलना भी सिखाते हैं।
जुड़े हैं ख़्वाब उनके सब हमारे ही दिलों जाँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
अगर नाराज़ होकर वह कभी झिड़की लगाते हैं।
तो दुनिया की सदाक़त से हमें वाक़फ़ि कराते हैं।
मुक़द्दर में लिखा है क्या किसी को यह पता है कब,
पिताजी तरबियत करते हैं तक़दीरें बनाते हैं।
मुसलसल कुछ न कुछ मिलता है हमको उनके दामाँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
नसीहत दे के सारी लग़ज़िशों को दर गुज़र करना।
वो कहते हैं बुरी बातों से हर लम्हा हज़र करना।
सदाक़त और अच्छाई के गुण ख़ुद में करो पैदा,
पिताजी ने सिखाया है मुहब्बत का सफ़र करना।
बना देते हैं गुलशन ज़िंदगी को दश्ते वीराँ से,
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
बड़ी तकलीफ़ होती है, मुझे जब हाथ मलते हैं।
मुसीबत में वही तो बस हमारे साथ चलते हैं।
हर इक मौसम में कस्बे रिज़्क़ को घर से निकलते हैं,
हमारे वास्ते ग़म को भी ख़ुशियों में बदलते हैं।
बचाते हैं वो कश्ती ज़िंदगी की मौज़-ए-तूफ़ाँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
जवाँ हमको बनाते हैं लहू अपना जलाते हैं।
हमें गर चोट लग जाए वही आँसू बहाते हैं।
हज़ारों ग़म सही लेकिन हमेशा मुस्कुराते हैं।
सदा ही ख़ुश रहें हम सब यही सपने सजाते हैं।
तमन्नाएँ जुड़ी उनकी हमारे एक अरमाँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
मेरी नज़रों से देखो तो सिकंदर भी पिताजी हैं।
हक़ीक़त में मुहब्बत का समन्दर भी पिताजी हैं।
दोबारा मैं जनम पाऊँ तो उनकी गोद में खेलूँ,
ख़ुशी दुनिया की देने को मुक़र्रर भी पिताजी हैं।
मिरे जीवन को चमकाया इरादों के चराग़ाँ से,
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।
तबीयत से निहायत मेहनती हैं कामकाजी हैं।
तअल्लुक़ राब्ते में देखिये सच्चे समाजी हैं।
इमारत ख़ानदानी देखने में जो नज़र आये,
मकाँ की नीव का पत्थर पिताजी के पिताजी हैं।
ख़ुदा उनको बचाकर रख हमेशा रंजे दौराँ से।
हक़ीक़त यह है दुनिया की पिताजी कम नहीं माँ से।



• राजीव गोस्वामी
'आतिश मुरादाबादी'
मुरादाबाद (उ0प्र0)

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 19/06/2023 समय-दोपहर 2 बजे हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खुंडारा पीलीभीत में कुछ लिप्टिश के पेड़ों के वोटों की नीलामी होगी इच्छुक पात्र नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं ।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
पी एच सी ललौरीखेड़ा
पीलीभीत

# बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड मुरादाबाद, के परिसर में दिनांक 20-06-2023 को प्रातः 9.30 बजे से प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 से 15 प्रतिष्ठित कम्पनियाॅ प्रतिभाग करेंगी। मेले में हाईस्कूल/इण्टर/स्नातक/ डिप्लोमा एवं आई0टीआई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ समय से उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।

# शराब पीने से युवक की तबीयत बिगड़ी, मौत

मुरादाबाद- थाना मझोला क्षेत्र जयंतीपुर निवासी सोनू सैनी ( 28 ) की शराब पीने से अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।मृतक के छोटे भाई बंटी सैनी ( 24 ) ने बताया कि सोनू शराब पीने का आदी था। शुक्रवार की रात वह शराब पीकर घर आया था। कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। पूछने पर उसने पेट में दर्द बताया। रात में ही परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ ही देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची मझोला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शराब की लत ने ली मजदूर की जान - मृतक के भाई ने बताया कि सोनू मजदूरी करता था। दिन भर काम करने के बाद शाम होते ही वह शराब पीना शुरू कर देता था। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। परिजनों द्वारा समझाने पर भी उसने शराब पीना नहीं छोड़ा

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## खबर का असर

# गिड़गिड़ाते हुए घुटनों पर चलकर लूट पीड़िता के घर बयान दर्ज करने पहुंची बन्नादेवी पुलिस

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ बन्नादेवी थाना परिसर के सामने लगाने वाले मंगलवाजार में महिला के साथ लूटपाट की घटना की शिकायत नहीं दर्ज करने वाली बन्नादेवी पुलिस पीड़िता के घर बयान दर्ज करने पहुंची7 हालाँकि इससे पहले घटना के दिन शाम को खुद पीड़िता अपनी शिकायत दर्ज करने थाने पहुंची थी जहाँ हल्का इंचार्ज ने पीड़िता और उससे परिजनों को फटकारकर भगा दिया था7 जिसके बाद पीड़िता एसएसपी के पास फरियाद लेकर पहुंची थी7 मामले की खबर क्यूँ न लिखूँ सच पर प्रमुखता से छापे जाने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने मामले को दर्ज कर कार्रवाई करने का भरोसा पीडिया को दिया है

# समर कैंप अगले वर्ष फिर से आना , भावानात्मक कविता के साथ हुआ समापन



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा- प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, हर्बल पार्क, पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप का शनिवार को भावनात्मक कविता समर कैंप अगले वर्ष फिर से आना के साथ बड़े ही भव्यतापूर्ण ढंग से समापन हो गया।समाज सेवी प्रदीप कुमार गुप्ता ने बच्चों को उनके सहयोगात्मक ढंग से सीखने तथा योग,गीत, संगीत में विशेष रूचि पर संतोष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।योग शिक्षक आशीष सिंह, विर्माला पटेल का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा मॉडल प्राइमरी स्कूल पुरनापुर में समर कैंप का समापन मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र पटेल ग्राम प्रधान संजीव पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित करके किया । मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस प्रकार की प्रस्तुति विद्यालय में मुझे देखने को मिली है। इसी प्रकार से यदि ब्लाक के सभी विद्यालयों में प्रयास किए जाएं तो हमारे समाज को ऊपर उठने से कोई नहीं रोक सकता। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव लोचन शर्मा, मंजू सिंह, नीतू गुप्ता , निदा अर्शी, सरफराज खान , ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया ।समर कैंप में वॉलिंटियर्स सादिक हुसैन और प्रशांत पटेल के कार्यों को सभी ने सराहा ।इस अवसर पर समर कैंप के प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार दिए कार्यक्रम का सफल संचालन कविता आनंद ने किया।

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सिंधिया की प्रतिक्रिया के बाद सांसद अरोड़ा ने एयरलाइंस की ओर किया रुख

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- लुधियाना से क्आप% सांसद ( राज्यसभा ) संजीव अरोड़ा ने निजी एयरलाइंस विस्तारा, एयर इंडिया, एयर एशिया, इंडिगो और स्पाइसजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ( सीईओज़ ) को पत्र लिखकर चंडीगढ़ से यूके, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का विस्तार करने का अनुरोध किया है। अरोड़ा ने अपने पत्रों में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया के चंडीगढ़ एयरपोर्ट को लेकर लिखे पत्र का भी जिक्र किया । अरोड़ा ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने अपने पत्रों में चंडीगढ़ से यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक उड़ान संचालन का विस्तार करने पर विचार करने के लिए लिखा है। इसके अलावा, उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अवगत कराया कि पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और पर्याप्त आबादी वाला एक जीवंत शहर है। यह व्यापार, वाणिज्य और पर्यटन के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है, राज्य भर से कई व्यापार और घूमने के शौकीन यात्रियों को आकर्षित करता है। वर्तमान में, पंजाब के यात्री जो यूके, कनाडा या ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरना चाहते हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ानें पकड़ने के लिए दिल्ली की यात्रा करनी पड़ती है। इससे न केवल असुविधा होती है बल्कि यात्रियों के लिए यात्रा का समय और खर्च भी बढ़ जाता है। सभी सीईओज़ से अनुरोध करते हुए, अरोड़ा ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वे चंडीगढ़ से उल्लिखित देशों के लिए उड़ानों के संचालन की व्यवहार्यता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करें और उन संभावित लाभों पर विचार करें जो उनकी एयरलाइंस और यात्रियों दोनों के लिए होंगें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत निस्संदेह कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी, आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी और पंजाब के लोगों को अधिक सुविधा प्रदान करेगी।

## देवेसर गौत्र मोदगिल के जेठेरों की मेला 18 जून को



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- देवेसर गौत्र के जेठेरों की मेला 18 जून रविवार को धारीवाल ढढवां रोड पर स्थित गांव अकलाशपुर में आयोजित किया जायेगा । प्रवक्ता सतपाल शर्मा नें बताया कि 18 जून को सुबह 7.30 पर हवन यज्ञ किया जायेगा ।यज्ञ को पूर्णाहुति देने के पश्चात 11 बजे संकीर्तन होगा । समापन पर दोपहर दो बजे अटूट लंगर लगाया जायेगा ।सतपाल शर्मा नें बताया कि पूरा कार्यक्रम कमेटी प्रधान अशोक कुमार शर्मा ,सतपाल शर्मा ,रोशन लाल शर्मा ,अशोक कुमार सुजानपुर ,अजय पटवारी ,गौरव शर्मा सत्री के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। उन्होंनें बिरादरी बंधुयों से कार्यक्रम में बढचढ कर शामिल होने की अपील की है ।

# श्री अमरनाथ यात्रा में 18वें विशाल भंडारे के लिए यात्रियों के ठहरने के लिए टैंट, शैड, राशन व अन्य सामान के ट्रक रवाना

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- श्री अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई 2023 से शुरू होने जा रही है और इस दौरान यात्रियों के लिए भंडारा संस्थाओं की ओर से भी तैयारियों की शुरुआत कर दी गई है।श्री अमरनाथ यात्रा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए बीते करीब 17 साल से लंगर का प्रबंध कर रहे श्री हरिओम सेवा मंडल की लुधियाना शाखा श्री महाकाल सेवा मंडल के सहयोग से 18वें विशाल भंडारे के आयोजन हेतु राशन के चार ट्रकों को रवाना किया गया, जिसके साथ सेवा करने वाले 40 सेवादारों का जत्था रवाना हुआ। इस अवसर पर राशन के ट्रकों को श्रीश्री शेरू दास महाराज, नवजोत सिंह सिद्धू के मीडिया सलाहकार सुरिंदर डल्ला, डा ओपी शर्मा, आम आदमी पार्टी वार्ड नंबर 3 के प्रधान जसविंदर सिंह संधू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष लक्की शर्मा द्वारा झंडी दिखाई गई। श्री हरिओम सेवा मंडल के चेयरमैन केके गाबा,प्रधान कृष्ण लाल बांसल ,सचिव पुनीत मित्तल, कर्ण गाबा ने कहा कि संस्था की ओर से श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान लगाया जाने वाला यह 18वां विशाल भंडारा जम्मू-कश्मीर सरकार से मान्यता प्राप्त है और इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने के साथ ही 1 जुलाई से बालटाल, दुमेल मार्ग पर विशाल भंडारा शुरू हो जाएगा। चेयरमैन केके गाबा ने बताया कि रवाना किए गए ट्रकों में लंगर के लिए सामान, यात्रियों के ठहरने के लिए टैंट, शैड, राशन व अन्य सामान भेजा गया है। दल में शामिल सभी सेवादार पहले पहुंच लंगर लगाने व यात्रियों के ठहरने को लेकर पूरी व्यवस्था करेंगे। इसके बाद 26 जून को अन्य सेवादार भेजे जाएंगे जो लंगर की सेवा में अपनी ड्यूटी निभाएंगे।

# डीसी ने महिला किसान उत्पादक कंपनियों को लैपटॉप और टैब वितरित किए

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उपायुक्त सुरभि मलिक ने जिले की महिलाओं के नेतृत्व वाली तीन किसान उत्पादक कंपनियों ( एफपीसी ) को लैपटॉप, प्रिंटर, टैबलेट आदि वितरित किए। सितंबर 2022 में लाप्रारां मल्टीपर्पज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, बरुंडी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और सतलुज वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नाम की इन कंपनियों का गठन किया गया।बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि ये परिसंपत्तियां कंपनी के खातों, लेनदेन, बिल और सदस्य विवरण की पारदर्शिता बनाए रखने में सहायता करने के अलावा डिजिटल इंडिया पहल के तहत महिला किसानों के लिए एक आवश्यक सीखने का अनुभव प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि यह ग्रांट थॉर्नटन भारत और एचडीएफसी परिवर्तन की स्थानीय आर्थिक विकास परियोजना है। उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य जिले के निम्न स्तर के किसानों, विशेषकर महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए पात्र बनाना है। प्रत्येक कंपनी में 300 से अधिक सदस्य हैं। मलिक ने उम्मीद जताई कि महिलाओं के नेतृत्व वाली ये एफपीसी कृषि क्षेत्र और डेयरी फार्मिंग में समावेशी विकास को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में उभरेंगी। उन्होंने कहा कि एफपीसी के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाकर, वे खेती और डेयरी गतिविधियों पर अधिक नियंत्रण, बाजारों तक अधिक पहुंच और क्षमता निर्माण के अवसर प्राप्त करती हैं। इसके अलावा, निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी बढ़ती भागीदारी अधिक टिकाऊ और न्यायसंगत कृषि पद्धतियों की ओर ले जाती है। उपायुक्त ने गांवों में एक विशेष अभियान शुरू करके महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए और एफपीसी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के तहत ग्रांट थॉर्नटन भारत के प्रयासों की भी सराहना की। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहायक आयुक्त अपर्णा एमबी, निदेशक राजेश जैन, प्रबंधक जीटी भरत मनप्रीत सिंह मौजूद थे।

# भाजपा सरकार के नौ साल बेमिसाल को लेकर प्रेस वार्ता हुई




क्यूँ न लिखूँ सच

